कार्यालय प्रथम अपीलीय अधिकारी, जिला कलक्टर, दौसा

श्री अहसान उल हक हन्फी, निवासी न्यू हन्फी मेडिकल एजेन्सी, हाई स्कूल रोड, बांदीकुई जिला दौसा राज0

बनाम

लोक सूचना अधिकारी, अतिरिक्त जिला कलक्टर दौसा जिला दौसा

अपील संख्या 90 / 2021

निर्णय दिनांक 01.12.2021

संक्षिप्त विवरण अपील इस प्रकार है कि अपीलांट द्वारा लोक सूचना अधिकारी, अतिरिक्त जिला कलक्टर दौसा जिला दौसा से सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत सूचना प्राप्त करने हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर वांछित सूचना/नकल हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया। प्रार्थी को वांछित सूचना/नकल निर्धारित समयावधि में प्राप्त नहीं हुई। इससे व्यथित होकर यह अपील पेश की गई है।

अपील दर्ज रजिस्टर की गई। लोक सूचना अधिकारी, अतिरिक्त जिला कलक्टर दौसा जिला दौसा को प्राप्त पत्रों की छाया प्रति प्रेषित कर अपीलांट को वांछित नकल/सूचना उपलब्ध करवाई जाकर जांच टिप्पणी मंगवाई गई।

पत्रावली का अवलोकन किया गया। पत्रावली के अवलोकन से प्रकट होता है कि अपीलांट द्वारा चाही गई सूचना लोक सूचना अधिकारी, अतिरिक्त जिला कलक्टर दौसा जिला दौसा से संबंधित है। लोक सूचना अधिकारी, अतिरिक्त जिला कलक्टर दौसा जिला दौसा को इस कार्यालय के पत्र कमांकःडीएम कोर्ट/2021/2690 दिनांक 16.11.2021 के द्वारा पत्र जारी कर प्रार्थी को वांछित नकल उपलब्ध कराते हुए रिपोर्ट चाही गई। लोक सूचना अधिकारी अतिरिक्त जिला कलक्टर दौसा जिला दौसा द्वारा पत्र कमांकः:आरटीआई 2021/986 दिनांक 22.11.2021 के द्वारा वस्तुस्थिति की सूचना इस कार्यालय को प्रेषित की गई है, जिसके द्वारा अवगत कराया है कि आवेदक को चाही गई सूचना की वस्तुस्थिति से अवगत करा दिया गया है। जिसकी प्रति पत्रावली में संलग्न है। इससे स्पष्ट है कि आवेदक को वांछित सूचना की वस्तुस्थिति से अवगत कराया जा चुका है। ऐसी स्थिति में अपील अपीलांट खारिज योग्य है।

उपरोक्त विवेचन के आधार पर अपील अपीलांट खारिज की जाती है। संबंधित को निर्णय की प्रति प्रेषित की जावे। बाद पूर्ति पत्रावली प्रविष्ठ लेख भंडार हो।

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

(पीयुष समारिया)
जिला कलक्टर, दौसा